गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा



दैनिक

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

प्रातः कालीन संस्करण

दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

● वर्ष: 27 ● अंक: 44 ● गाजियाबाद, बुधवार 14 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया

### पंजाब के आदमपुर एयरबेस पर जवानों से बोले प्रधानमंत्री

# ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है: पीएम मोदी

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले यानी सोमवार को राष्ट्र को संबोधित किया था। इसके बाद आज वो पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे थे, जहां उन्होंने आतंकियों के खिलाफ लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवाने से मिले और उनका हौसला अफजाई किया। पीएम ने कहा कि पूरे देश को आप पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पंजाब में स्थित आदमपुर एयरबेस पहुंचे हुए थे। जहां, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता की जय की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है। भारत माता की जय बोलने पर दुश्मन कांपने लगते हैं। भारत माता की जय मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। हमारी फौज न्यूक्लियर धमकी की हवा निकाल देती है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों की और उनके लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। मैं वीरों की इस धरती से आज एयरफोर्स, नेवी और आर्मी के सभी जांबाजों, बीएसएफ के अपने शूरवीरों को सैल्यूट करता हूं। आपके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज पूरी दुनिया में है। हर भारतीय आपके



साथ रहा है। आज हर देशवासी अपने सैनिक के परिवारों के प्रति कृतज्ञ है। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य नहीं था। यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। भारत युद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह जी की भी है। धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर छिना गया तो हमने आतंकियों को उनके घर में घूसकर कुचल दिया। वो कायरों की तरह छिपते रहे, लेकिन वो दिन भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है वो हिंद की सेना है। जवानों से पीएम ने कहा कि आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डे को मिट्टी में मिला दिया। 9 आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए। 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है। भारत की ओर से नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा और तबाही है।

आपके जवाब से दुश्मन हक्का बक्का रह गया। उसको पता ही नहीं चला कि कब उसा सीना छलनी हो गया। हमारा लक्ष्य पाकिस्तान के भीतर आतंकियों को मारने का था, लेकिन पाकिस्तान ने अपने यात्री विमानों सामने करके जो साजिश रची, मैं कल्पना कर सकता हूं कि वो पल कितना कठिन होगा कि जब यात्री विमान दिख रहा है, मुझे गर्व है कि आपने बहुत सतर्कता से यात्री विमानों को नुकसान किए बिना उसका जवाब दे दिया और कमाल कर दिया। पीएम ने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप अपने लक्ष्यों पर बिल्कुल खरे उतरे। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और एयरबेस ही तबाह नहीं हुए बल्कि उनके नापाक इरादे और दुस्साहस दोनों तबाह हुए।

#### भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान को धूल चटा दी

पीएम ने कहा कि भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सके। घर में घुसकर मारेंगे। बदले का एक मौका तक नहीं देते। हमारे ड्रोन, हमारी मिसाइलें, उनके बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है। देश को एकता के सूत्र में बांधा है। आपने भारत की सीमाओं की रक्षा की है। भारत के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। साथियों आपने वो किया जो अभूतपूर्व है, अकल्पनीय है, अद्भुत है। हमारी एयरफोर्स ने पाकिस्तान में डीप आतंकी अड्डों को टारगेट किया वो भी सिर्फ 20-25 मिनट के भीतर, बिल्कुल टारगेट को हिट करना ये सिर्फ मॉर्डन तकनीकी से लैस प्रोफेशनल आर्मी की कर सकती है।

## नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, पंजाब के डेरा बाबा नानक में देखे गए 30 ड्रोन

हिन्द आत्मा

**डेरा बाबा नानक।** भारत पाक युद्ध में सीजफायर के बाद मंगलवार रात आठ से दस बजे के बीच करीब 30 ड्रोन डेरा बाबा नानक में पाकिस्तान की ओर से भारत में आते देखे गये। डेरा बाबा नानक के नजदीकी गांव हरूवाल के गुरभेज सिंह, हीरा सिंह, बलविंदर सिंह, हरदेव सिंह, सर्बजीत सिंह ने बताया कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

#### किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं

मंगलवार की रात आठ से दस बजे के बीच गांव साधांवाली और हरूवाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से 30 के करीब



ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल होते देखे गये। उन्होंने बताया कि आसमान में घूम रहे ड्रोनों की लोगों ने वीडियों भी बनाई है। ड्रोन को लेकर लोगों में कई तरह के संदेह पैदा हो गये हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों में लगातार ड्रोन देखे गये हैं, हालाकि कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन लोगों में इसकी काफी चर्चा है।

## विदेशी एजेंसी ने बेनकाब किया पाक का झूठ, सैटेलाइट तस्वीरों में देखी गई 'तबाही'

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के सैन्य अड्डों और आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारतीय सेना इसके सबूत पहले दे चुकी हैं। मंगलवार को मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई की तस्वीरें जारी की हैं। मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा ली गई हालिया सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि पाकिस्तान के कई एयरबेस को काफी नुकसान पहुंचा है। तस्वीरों में चार पाकिस्तानी एयरबेस पर हुए को नुकसान दिखाया गया है। जिसमें रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस, सरगोधा में पीएएफ बेस मुशफ, भोलारी एयर बेस और जैकोबाबाद में पीएएफ बेस शाहबाज शामिल हैं। नूर खान एयरबेस, चकलाला, रावलपिंडी : 25 अप्रैल, 2025 और 10 मई, 2025 को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में एयरबेस सुविधाओं को नुकसान दिख रहा है। यह एयरबेस



पाकिस्तान वायुसेना की लाइफलाइन है, इसे नूर खान एयरबेस के नाम से भी जाना जाता है। इसका नाम पाकिस्तानी वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर मार्शल नूर खान के नाम पर रखा गया है। ये ज्यादातर वीआईपी मूवमेंट और लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एयरबेस पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद महज 13 किलोमीटर रावलपिंडी के चकलाला में स्थित है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश के विमानों का हैंगर यही एयरबेस है। पाकिस्तानी संसद और प्रधानमंत्री निवास से इस एयरबेस की दूरी महज 20 किलोमीटर तो सेना प्रमुख के आवास से इस एयरबेस की दूरी महज 10 किलोमीटर है। जम्मू कश्मीर के पुंछ से इस एयरबेस की एरियल दूरी करीब 100 किलोमीटर है। दूसरी तस्वीर में काफी नुकसान हुआ है, जो भारतीय वायुसेना की सटीकता को दशार्ता है। सरगोधा में पीएएफ बेस मुशफ को काफी नुकसान हुआ है। 30 अप्रैल, 2025 और 10 मई, 2025 को ली गई तस्वीरों से पता चलता है। मध्य पंजाब के सरगोधा शहर में स्थित इस एयरबेस को निशाना बनाना भारत का मास्टर स्ट्रोक रहा। यह पाकिस्तान का सबसे महत्वपूर्ण एयर बेस है। यहां कॉम्बैट कमांडर्स स्कूल, न्यूक्लियर डिलिवरी प्लेटफार्मों और विशिष्ट स्क्वाड्रन मौजूद हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 200 किमी अंतर स्थित इस एयरबेस को बेहद सुरक्षित माना जाता था। भारतीय मिसाइलों का यहां तक पहुंचना पाकिस्तान का मनोबल तोड़ने वाला रहा।

#### भोलारी एयर बेस

27 अप्रैल, 2025 और 11 मई, 2025 को ली गई भोलारी एयर बेस की सैटेलाइट तस्वीरों में भी रनवे और कुछ एयरबेस सुविधाओं में नुकसान हुआ दिख रहा है। हमलों में रनवे के एक हिस्से और एक संरचना को नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के नए बने एयरबेस में भोलारी एयरबेस भी शामिल है। इस एयरबेस का इस्तेमाल पाकिस्तानी वायुसेना के साथ उनकी नौसेना भी करती है। इस एरबेस को पाकिस्तान की भविष्य की रणनीतिक महत्वकांक्षाओं को दशार्ता था। इस एयरबेस के नुकसान से पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा पर भी असर पड़ा।

#### सुक्कुर एयरबेस

ये दक्षिणी वायु कमान के अंतर्गत, सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद के बीच स्थित जामशोरो जिले में एक सक्रिय ऑपरेशनल एयरबेस है। यह हाल ही में शुरू किया गया था और अब यहां 19 स्क्वाड्रन और ऑपरेशनल कन्वर्जन यूनिट तैनात हैं। यहां से एफ-16ए/बी ब्लॉक 15 एडीएफ फाइटर एयरक्राफ्ट संचालित किए जाते हैं।

## भारत ने ट्रंप के दावे को नकारा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद व्यापार पर नहीं हुई कोई बात: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा।



इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

उन्होंने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले ही बताया है कि 10 मई को 15:35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ को फोन पर संघर्ष विराम को लेकर वार्ता हुई। इस वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय को 12.37 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के जरिये सूचित किया गया। पाकिस्तान की आंतरिक तकनीकी दिक्कतों के चलते हॉटलाइन कनेक्ट होने में देरी हुई। भारत के डीजीएमओ की मौजूदगी के बाद दोपहर 3.35 बजे वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि 10 मई की सुबह भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह किया गया। इसके बाद पाकिस्तान के सुर बदल गए। पाकिस्तान ने गोलाबारी रोकने और सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को गोलीबारी रोकने पर मजबूर किया। जैसा कि अन्य देशों से हुई वार्ता में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया और जनता को भी यही कहा कि भारत ने आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमलों का जवाब दिया है। इसके बाद जब पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने फायरिंग की तो भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। उन्होंने कहा कि सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) के फैसले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से शुरू हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट है। हालांकि, पाकिस्तान ने कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। अब सीसीएस के फैसले के अनुसार कि भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। कृपया ध्यान दें कि जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों ने जमीन पर भी नई वास्तविकताओं को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी पक्ष द्वारा दिए गए बयान को देखा है। एक ऐसा देश जिसने औद्योगिक पैमाने पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद सीमावर्ती शहरों में हवाई सेवाएं बहाल

## जम्मू-श्रीनगर में आज से मिलेगी फ्लाइट

**नई दिल्ली।** भारत- पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद मंगलवार को सीमावर्ती शहरों में स्थित हवाई अड्डों में हवाई सेवा बहाल हो गई। जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, आदमपुर, साहनेवाल (लुधियाना) और बठिंडा एयरपोर्ट से विमानों का संचालन शुरू हो गया है।

इंडिगो और एअर इंडिया एयरलाइन द्वारा दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट से मंगलवार को भी अमृतसर, श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, भुज, जामनगर और राजकोट के लिए उड़ानें रद कर दी गईं। मंगलवार को 12 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में विलंब हुआ, जबकि एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को रद करना पड़ा। घरेलू उड़ानों की बात करें तो 18 उड़ानों में देरी दर्ज की गई और





91 उड़ानें रद कर दी गईं। जम्मू और श्रीनगर एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर से विमानों का परिचालन फिर से बहाल कर दिया गया। जम्मू एयरपोर्ट के निदेशक संजीव कुमार गर्ग का कहना है कि अगर सब कुछ ठीक रहा था बुधवार से एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही सुचारू रहेगी। उधर, श्रीनगर हवाई अड्डे से बुधवार को हज उड़ानें भी बहाल हो जाएंगी। बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच बचे तनाव के चलते विमान सेवाएं बंद की गई थीं। मंगलवार को पंजाब के आदमपुर से स्टार एअर एयरलाइन की फ्लाइट में हिंडन के लिए दो यात्री ही रवाना हुए। इंडिगो ने कहा, 'यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार के लिए जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट से आने-जाने वाली उड़ानें रद की गई हैं। एअर इंडिया ने भी इंटरनेट मीडिया पर जानकारी दी कि वह स्थिति पर नजर रख रही है और यात्रियों को नियमित अपडेट देती रहेगी। दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे एयरपोर्ट पर आने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति आधिकारिक वेबसाइट या एप पर जांच लें।

### उत्तर-दक्षिण कॉरीडोर के लिए मुख्यमंत्री ने मांगी विस्तृत कार्ययोजना, जहां एनएच होगा, वहां एनएचएआई का सहयोग, ग्रीनफील्ड रोड भी बनेंगे

# यूपी की कनेक्टिविटी को नया आधार देगा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अधिकांश राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पूर्व-पश्चिम दिशा में केंद्रित हैं, ऐसे में अब आवश्यकता है कि नेपाल सीमा से लेकर प्रदेश के दक्षिणी छोर तक फैले जिलों को जोड़ने वाला एक सुदृढ़ उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर तैयार किया जाए। इस उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के अंतर्गत आने वाले हिस्सों में एनएचएआई का सहयोग लिया जाए और शेष मार्गों का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा चौड़ीकरण राज्य स्तर पर कराया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां ग्रीनफील्ड रोड परियोजनाएं प्रस्तावित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल उत्तर प्रदेश को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ेगा, बल्कि सीमावर्ती जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा। यह विचार उन्होंने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रस्तुत किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री, जैसे सीमेंट, सरिया आदि, यथासंभव उत्तर प्रदेश की इकाइयों से ही ली जाए, बशर्ते कि वे गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरती हों। मुख्यमंत्री ने विभाग को यह सुनिश्चित करने को कहा कि वार्षिक कार्ययोजना बनाते समय प्रदेश के सभी



जनपदों और विधानसभाओं को समवेत रूप से लाभ पहुंचे और विकास में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न न हो। किसी भी परियोजना को प्रारंभ करने से पहले उसकी उपयोगिता, संभावित प्रभाव और स्थानीय जनता पर उसके असर का समुचित अध्ययन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए बाईपास, रिंग रोड और फ्लाईओवर के निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निकायों में यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। साथ ही, उन्होंने सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि इस विषय में परिवहन, लोक निर्माण और पुलिस विभाग को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप डिजाइन में बने, सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, और राज्य मार्गों को न्यूनतम 10 मीटर चौड़ा किया जाए। ग्रामीण कनेक्टिविटी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की निधियों का बेहतर उपयोग करते हुए गांवों को भी अच्छी सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि प्रदेश में पुलों और रेल ओवरब्रिजों (आरओबी) के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की गई हैं। प्रयागराज में गंगा नदी पर सलोरी से झूंसी को जोड़ने वाला नया पुल और नैनी पुल के समानांतर प्रस्तावित नया पुल, तथा वाराणसी में मालवीय सेतु के डाउन स्ट्रीम में प्रस्तावित रेल कम रोड ब्रिज, यातायात और कनेक्टिविटी की अहम आवश्यकता को पूरा करेंगे। इन योजनाओं में आवश्यकता अनुसार भारत सरकार से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए।

निमार्णाधीन परियोजनाओं की सतत निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पर उत्तरदायित्व तय किया जाए और तकनीकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। सभी कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। धार्मिक स्थलों तक सुविधाजनक और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। उन स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां प्रतिवर्ष पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। इन स्थानों को जोड़ने वाले 272 मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और विकास के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनका चयन इस प्रकार किया गया है कि भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न्यूनतम हो और कार्य शीघ्रता से पूर्ण हों। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए 33 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर के विद्यार्थियों का सीबीएसई 12वीं एवं 10वीं में शतप्रतिशत रहा परीक्षाफल

## दसवीं में 98.4 प्रतिशत अंक लाकर आदित्य राज एवं 12वीं में 99.4 प्रतिशत अंक लाकर अदिती भारद्वाज बने स्कूल टॉपर

12वीं के मेधावी छात्र



















12वीं के मेधावी छात्र











हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 12वीं का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा है, जिसमें से 95 परीक्षार्थियों ने विषय वार 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। वाणिज्य वर्ग सेअदिति भरद्वाज 99.4 प्रतिशत, कुहू मल्होत्रा 97% तान्या रघुवंशी 96.5 प्रतिशत, कनुप्रिया घीघरा 95.8 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग से हर्षिता भारद्वाज 95.6%, कला वर्ग से तृप्ति कर्नाटक 95.2%, विज्ञान वर्ग से रूद्रवीर सिंह 94.6 प्रतिशत, वाणिज्य वर्ग से दक्षिता शर्मा 94%, विज्ञान वर्ग से तन्मय अग्रवाल 92%, विज्ञान वर्ग से सांची शर्मा 91.6% कला वर्ग से सृष्टि यादव 90.6 प्रतिशत विज्ञान वर्ग से खुशी कुमारी 90.4% विज्ञान वर्ग से संबथ कुमार 90.02% विज्ञान वर्ग से सुधांशु कुमार सिंह 90%, विज्ञान वर्ग से तन्वी शर्मा 90% एवं कला वर्ग से अंश भारद्वाज 90% अंक लाकर अव्वल रहे।

इसी प्रकार सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में आदित्य राज 98.4 प्रतिशत, ऋषभ सिंह 97.2 प्रतिशत, आर्यन आनंद 96%, मानसी शर्मा 94.8 प्रतिशत, तोशिका 94.8 प्रतिशत, कनिका भारद्वाज 94.4%, अदिति गुप्ता 94%, आयुष यादव 92.2 प्रतिशत, श्रेयांश सिन्हा 92.2 प्रतिशत, भारत भारद्वाज 91.8%, लक्षिता 91.8 प्रतिशत, अक्षित त्यागी 91.6%, जय वर्मा 91.6%, रुद्राक्ष सिंह 91.6%, वैष्णवी भारद्वाज 91.2 प्रतिशत, श्रुति कुमारी 91.02%, ओजस्वी मिश्रा 90.8 प्रतिशत, लोचन ढींगरा 90.8 प्रतिशत, सक्षम दत्त 90.4%, दैविक पाल 90%, आर्यन गुप्ता 90%, कनिष्का भारद्वाज 90% एवं परी चौहान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई। सीबीएसई बोर्ड की इस परीक्षा में विद्यार्थियों के 10वीं एवं 12वीं में शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के चेयरमैन जे.के. गौड़, डायरेक्टर करुण गौड़ एवं प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आईएमएस कोचिंग आरडीसी के छात्रों को मिला आईआईएम व आईएमटी गाजियाबादः राहुल गोयल

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारत की सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) जिसके माध्यम से भारत के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट संस्थान जैसे आईआईएम, आईएमटी, एफएमएस दिल्ली आदि अपने यहां एमबीए में एडमिशन देते हैं। इस परीक्षा में राजनगर आरडीसी स्थित आईएमएस कोचिंग के अभी तक दर्जनो छात्रों ने कैट 2025 में अच्छा परसेंटाइल लाकर आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपना चयन सुनिश्चित किया है।

सफलता की इस कड़ी में आरडीसी स्थित आईएमएस कोचिंग में अब तक गाजियाबाद शहर के नंदेश सिंघल को आईआईएम (शिलांग, नागपुर, उदयपुर), अनुष्का चौधरी को आईआईएम (रायपुर, रोहतक) एवं आईएमटी गाजियाबाद, कृतिका सिंघल को आईएमटी गाजियाबाद, सक्षम गोयल को आईआईएम (शिलांग, उदयपुर), जतिन भसीन को आईआईएम रायपुर, तरंग अग्रवाल को आईआईएम रायपुर एवं अन्य कई छात्रों को अब तक आईआईएम एवं अन्य प्रतिष्ठित मैनेजमेंट संस्थानों में एडमिशन मिल चुका है। आईआईएम कोलकाता एलुमनाई राहुल गोयल ने बताया कि आईआईएम व उसके जैसे संस्थानों में एडमिशन मिलना गर्व की बात होती है एवं यह पहले ही करीब करीब तय हो जाता है कि इस बच्चे को वहा से शिक्षा पूरी करने के बाद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कितने लाख का पैकेज मिलेगा। इन छात्रों ने कठोर परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। राहुल गोयल ने बताया कि अभी भी दर्जनों छात्र अपने परिणाम का इंतजार कर रहे है जिनका नाम अभी आईआईएम एवं ऐसे संस्थानों में वेट लिस्ट में है और जल्द ही इन छात्रों को भी सुखद परिणाम मिलेंगे।

## अपनापन फाउंडेशन साप्ताहिक रसोई सेवा

# श्री हनुमंत कृपा से चल रही है अपनापन फाउंडेशन रसोई सेवाः अशोक गोयल

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** हनुमान मंदिर घण्टा घर पर प्रत्येक मंगलवार को पिछले 8 वर्षों से नियमित साप्ताहिक रसोई का आयोजन किया जा रहा है जिस में जरूरतमंद व यात्रियों को निःशुल्क भरपेट भोजन प्रसाद वितरण किया जता है उसी क्रम में आज सुबह हनुमान मंदिर पर रसोई आयोजित की गई जिस में मुख्य अतिथि चौधरी मंगल सिंह ने प्रसाद वितरण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक गोयल ने बताया कि समाज व संस्था के सदस्यों के सहयोग से श्री हनुमान मंदिर पर 2017 में योगी जी की सरकार आने के बाद से यह सेवा निरंतर जारी है खुशी होती है जब सभी लोग स्वेच्छा और प्रेम भाव से आम जरूरतमंद की भोजन सेवा में सहयोग देते हैं। इस अवसर पर सीताराम बाजार के पार्षद नीरज गोयल भी उपस्थित रहे जिन का पटका पहनाकर संस्था के सदस्यों ने स्वागत किया आज ही के दिन दो साल पहले नीरज गोयल 111 वोटों से विजयी होकर पार्षद के पद पर चुने गए थे। पार्षद नीरज गोयल ने बताया कि क्षेत्रवासियों के आपार प्रेम, वोट, पार्टी का मेरे में विश्वास करना, बड़ो का आशीर्वाद व प्रभु की कृपा से मैं पार्षद के रूप में सेवक चुना गया हूं मेरा प्रयास रहेगा मैं निरंतर निःस्वार्थ सेवा करता रहूंगा। प्रसाद वितरण में प्रमुख रूप से रमेश खजांची, अशोक कुमार शर्मा, व्यवस्थापक एन.के.गोयल, सुदेश रानी, रेखा गुलाटी, अंकुर गोयल, माया भारती, बलदाऊ मिश्रा, गुंजन, शुभम गोयल आदि ने सेवा की।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया नव नियुक्त डीसीपी धवन जायसवाल का स्वागत



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा नव नियुक्त पुलिस उपायुक्त धवन जायसवाल का स्वागत किया गया और व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, सोनू सैनी, दुष्यंत गुप्ता, विकास शर्मा, अनवार कुरैशी, जगमोहन जॉन, दिनेश सिसोदिया आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर नेहरूनगर में शिशु भारती के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में शिशु भारती के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। विद्यालय की आंतरिक व्यवस्था में सहयोग करने के लिए छात्रों का संगठन शिशु भारती संगठन प्रत्येक वर्ष गठित किया जाता है। जिसमें मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री, सेनापति, उप सेनापति आदि बनाएं जाते हैं। इनके अलावा चिकित्सा, विद्युत, पुस्तकालय, वन्दना, स्वच्छता आदि अनेक विभाग होते हैं। इन विभागों का दायित्व छात्रों को सौंपा जाता है। विद्यालय में सभी व्यवस्थाओं को छात्र ही देखते हैं। छात्रों की प्रतिभा के विकास करने के लिए, उनके अंदर विशिष्ट गुणों को जागृत करने के लिए इस संगठन का निर्माण किया जाता है।

शिशु भारती के शपथ समारोह में मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश मेरठ प्रांत शिशु शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक मदन पाल, आप योजना में 1991 से अनेक दायित्वो का निर्वाह कर रहे हैं, आप 8 वर्ष आचार्य एवं 18 वर्ष प्रधानाचार्य एवं विद्या भारती योजना के साथ-साथ आप स्थान भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर नोएडा में अंग्रेजी संभाषण प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में 2 वर्ष रहे हैं एवं जन शिक्षा समिति मेरठ प्रांत के संभाग में 6 वर्ष संभाग निरीक्षक के रूप में रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा बाना एवं आचार्य योगेश कुमार आदि गणमान्य उपस्थित थे। शिशु भारती प्रमुख योगेश शर्मा ने शिशु भारती संगठन का महत्व बताया। मुख्य अतिथि मदनपाल ने छात्रों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं उन्होंने कहा कि भैया बहनों का कर्तव्य है कि पढ़ाई के साथ-साथ उपरोक्त दायित्वों का निर्वहन करना तथा अपनी क्षमताओं का विकास करना है। अपने घरों पर भी अपने माता-पिता के कार्य में सहयोग करने से भी दायित्व बोध होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा बाना ने बताया कि छोटे-छोटे छात्रों द्वारा इस प्रकार का दायित्व निर्वहन आगे चलकर बच्चों के अंदर जिम्मेदारी से काम करने का पथ प्रशस्त होता है।

# उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल में की डीसीपी नगर से मुलाकात बेहतर कानून व्यवस्था पर की चर्चा




**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** कोतवाली स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल व मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया सहित जिले के पदाधिकारी ने गाज़ियाबाद शहर में पुलिस उपायुक्त (सिटी) धवल जायसवाल आई०पी०एस० के साथ जनपद की कानून व यातायात व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की और सुझाव दिए बैठक में सभी पदाधिकारी ने अपने परिचय से नगर पुलिस उपयुक्त को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा स्वागत करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में नगर में कानून-व्यवस्था और नागरिक सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। गाज़ियाबाद शहर के प्रमुख नागरिक मुद्दों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं शहर के कई मुख्य चौराहों व मार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित रहती है, विशेषकर स्कूल खुलने व कार्यालय समय में। इससे आमजन को काफी परेशानी होती है। प्रमुख बाजारों जैसे कि चौपला मंडी, घंटाघर और तुलसी निकेतन इत्यादि क्षेत्रों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। चेकिंग के नाम पर कई बार आम व्यापारियों एवं नागरिकों को अनावश्यक रूप से रोका जाता है जिससे असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। कृपया इसे बेहतर समन्वय के साथ सुचारू बनाया जाए। हम आशा करते हैं कि आपके कुशल प्रशासन में उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और गाज़ियाबाद को एक व्यवस्थित और नागरिक हितैषी शहर के रूप में उन्नति मिलेगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, गाज़ियाबाद की ओर से हम आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं और आपके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं। इस अवसर पर अनिल सांवरिया मेरठ मंडल अध्यक्ष, प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष, राजू छाबड़ा प्रदेश महामंत्री युवा, आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष युवा, के० एन० डंगवाल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, पवन त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, भगत सिंह मनराल जिला संयुक्त महामंत्री, संजय शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, अरुण श्रीवास्तव जिला मंत्री, दलबीर सिंह जिला महासचिव युवा, रोहित वर्मा जिला मंत्री युवा, श्याम किशोर शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष, रवि कालिया विधानसभा 56 महामंत्री, बबलू आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाज़ियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जिला अस्पताल, गाजियाबाद (एमएमजी हॉस्पिटल) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गाज़ियाबाद डॉ.अखिलेश मोहन तथा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ.राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने वार्डों, शौचालयों और औषधि भंडारण सहित अन्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पाया कि अस्पताल में कई जर्जर दीवारें है, कहीं साफ-सफाई का अभाव है वहीं स्टोर में कई खराब उपकरण रखे हुए हैं। इसके साथ ही अस्पताल के वाहन सहित अन्य सामान भी निष्प्रोज्य स्थिति में हैं, जो कि अस्पताल की स्वच्छता में दाग लगाने का कार्य कर रहे व व्यर्थ में ही स्थान घेरा हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाएं और निष्प्रोज्य समानों/वाहनों को नियमानुसार विक्रय किया जाये। इसके साथ ही वितरित किये जाने वाले सामानों को सम्बंधित को वितरित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई रखते हुए सभी कबाड़ को हटाया जाए और जर्जर दीवारें की मरम्मत की जाएं। जिलाधिकारी द्वारा रजिस्टर की भी जांच की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मरीजों से भी वार्ता की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में नवनिर्मित बिल्डिंग में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय अंतराल पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# छाया पब्लिक स्कूल की छात्रा गरिमा 98.8 परसेंट अंक लाकर बनी शहर की टॉपर, जिले के टॉप टेन में भी शामिल




**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल की छात्रा गरिमा छाबड़ा ने 98.8% अंक प्राप्त कर शहर में अपना परचम लहराते हुए जनपद के टॉप 10 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुरक्षित किया।उनकी इस शानदार सफलता पर स्कूल प्रबंधकों के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी उन्हें बधाई दी। मंगलवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में छात्रा गरिमा छाबड़ा द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धि पर विधायक डॉ मंजू सिवाच,नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, स्कूल प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी सहित शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ० अरुण त्यागी ने बताया की गरिमा छाबड़ा कक्षा 10 की भी टॉपर रही थी और उसका सपना जज बनने का है पढ़ाई के साथ-साथ गरिमा खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हमेशा अग्रणी रही है। कक्षा 10 के छात्रों ने भी जोरदार प्रदर्शन करते हुए 30 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक लाकर नया इतिहास रचा है कक्षा 10 के छात्र देवउत्कर्ष 97.8% प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों व अभिभावकों को इस बड़ी सफलता के शुभ अवसर पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए उनके उधर भविष्य की कामना की।

# मातृत्व दिवस पर निष्काम भवन में किया गया स्वावलंबी महिलाओं का सम्मान



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** मातृत्व दिवस के अवसर पर नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था एहसास महिला समिति वह उसकी विशेष सहयोगी टीम परिणीता द्वारा गोविन्दपुरी स्थित निष्काम भवन में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वावलंबी महिलाओं को सम्मानित किया गया। निष्काम भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृत्व के सम्मान सहित स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर महिलाओं को प्रोत्साहित करना रहा। जिसमें टीम परिणीता की स्वरोजगार परियोजना से जुड़ी उन सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया जो घर से स्वरोजगार कार्य करते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। कार्यक्रम इंचार्ज सृष्टि गौड़ ने सभी नए पुराने महिला सदस्यों का परिचय कराते हुए इस आयोजन को उपस्थित महिलाओं के मातृत्व व सशक्तिकरण को समर्पित किया। इस अवसर पर एहसास महिला समिति संस्थापक अनुप्रीत कौर ने अपने संबोधन में टीम परिणीता की प्रोजेक्ट इंचार्ज सृष्टि गौड़ और उनकी समर्पित टीम को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर टीम एहसास की वरिष्ठ सदस्यों द्वारा चयनित महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित करने के साथ ही, मातृत्व के महत्व, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भरता पर सार्थक विचार-विमर्श भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिणीता की हेड एवं प्रोजेक्ट इंचार्ज सृष्टि गौड़, गीतांजलि खन्ना, तनुप्रिया, कुमारी स्नो, काजल तथा टीम एहसास से रीता बख्शी, रूचि विज, विनीता खन्ना और अर्चना आहूजा का विशेष योगदान रहा।

# डॉ० के०एन० मोदी ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## स्कूल का रिजल्ट रहा 100%, छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया स्कूल का नाम रोशन












**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** डॉ०के०एन०मोदी ग्लोबल स्कूल प्रबंधको द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद घोषणा करते हुए बताया गया कि स्कूल में अध्यनरत छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।जिसके चलते स्कूल का 2024 25 का परीक्षा परिणाम 100% रहा।

मंगलवार को10वीं एवं 12वीं कक्षा के घोषित हुए परीक्षा परिणामो में डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल का 2024-25 का घोषित परिणाम 100% रहा है। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया। मालूम हो कि कक्षा 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों की कुल पंजीकृत संख्या (179) रही जबकि परीक्षाओं में (178) विद्यार्थी ही शामिल हो सके जिनमें उत्तीर्ण विद्यार्थी भी 178 ही रहे। स्कूल के बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों में ह्यूमैनिटीज विषय में आयुषी शर्मा ने 97.6% अंक प्राप्त किये।विज्ञान विषय में अजीता शुक्ला ने 95.8%, अवनी गर्ग ने 95.8% कॉमर्स विषय मेंअक्षत अग्रवाल ने 94.4% प्राप्त किये। इसके अलावा बहुत से छात्रों ने विभिन्न विषयों में (100 में से 100 अंक) प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया जिनमें मुख्य रूप से कॉमर्शियल आर्ट के 11 विद्यार्थी, पेंटिंग विषय में 1 विद्यार्थी, म्यूजिक मैं 2 विद्यार्थी, योग विषय में 4 विद्यार्थी, राजनीति विज्ञान 1 विद्यार्थी रसायन विज्ञान विषय में 1 विद्यार्थी। इसी तरह कक्षा 10वीं परीक्षा में 182 रजिस्टर्ड छात्र शामिल हुए जिनमें सभी 182 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की इस प्रकार स्कूल का परीक्षा परिणाम 100% उतरन हुए सभी विद्यार्थियों ने अनुशासित अध्ययन, निरंतर प्रयास और श्रेष्ठ प्रदर्शन के माध्यम से विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएँ देने के साथ-साथ शिक्षकों के अभिभावकों के योगदान की भी सराहना करते हुए सभी को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।





# सर्व ब्राह्मण समाज सेवा संस्थान द्वारा लाइनपर क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभायात्रा






**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** सर्व ब्राह्मण समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर लाइनपर क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, विभिन्न सुंदर झांकियां डीजे एवं बैंड बाजे के साथ हजारों भाई बहनों के हुजूम के साथ प्रताप विहार शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा लाइनपर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होते हुए विजयनगर के उत्सव भवन पर जनसभा के साथ समापन हुआ। शोभायात्रा में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि श्री महंत आदित्य कृष्णागिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना, महंत मछंदरपुरी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू क्रांतिकारी दल एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी डोली शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, अनूप शहर विधायक संजय शर्मा, त्रिलोक त्यागी, यतेंद्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार न्यूज 18, इंस्पेक्टर विनोद पांडे तथा कार्यक्रम के पश्चात सभी ने भोजन प्रसाद की ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे डॉ. सुनील शर्मा, पं. सुरेश चंद शर्मा, पं. सुनील शर्मा, अरविंद कौशिक, अरुण शर्मा एडवोकेट, इं.भारत शर्मा, पं. राजेश शर्मा डॉ. बीके शर्मा हनुमान, विष्णु शर्मा, सत्येंद्र शुक्ला, बाई.के.शर्मा, बी.के. शर्मा, अशोक पंडित आदि।

# समाजसेवी अजय गुप्ता के नाती उत्कर्ष जिंदल ने 12वीं कक्षा में 88.2% अंक प्राप्त कर किया स्कूल व परिवार का नाम रोशन



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** उद्योग व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता के नाती उत्कर्ष जिंदल पुत्र ज्योति जिंदल एवं उमेश जिंदल ने सीबीएसई बोर्ड में नेहरू वर्ल्ड स्कूल 12वीं कक्षा में 88.2% अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन रोशन किया। इस अवसर पर उत्कर्ष को नाना नानी अजय गुप्ता एवं रमा गुप्ता ने आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की प्रभु से प्रार्थना की।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छह मेधावी छात्रों ने सीबीएसई के इंटरमीडिएट परीक्षा के कला विषय में 100 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम किया रोशन




**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन 2025 की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामो में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्रों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं ने स्कूल में अपने सहपाठियों के साथ मनाई खुशियां। मंगलवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मुख्य रूप से विज्ञान वर्ग में हिमांशी यादव 92% प्रथम स्थान, सिद्धि अग्रवाल 91% द्वितीय स्थान, निर्भय 91% द्वितीय स्थान, खुशी त्यागी 90% सिमरन 90% आराध्या वीरभान 90% के अलावा कला वर्ग में शांभवी पांडे 94.2% मुस्कान 93% आयुषी चौधरी 85% के अलावा कामर्स वाणिज्यि वर्ग में आर्यन गोयल 95% हर्ष 91% वैष्णवी नेहरा 88% अंक प्राप्त करने वालों में रहे। इस खुशी के अवसर पर सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छह मेधावी छात्रों ईशा त्यागी, सिमरन चतुर्वेदी, शांभवी पांडे, हिमांशी यादव, हर्षित शर्मा, यश शर्मा ने कला विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जिस खुशी के मौके पर स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता,डॉ शिखा दरबारी द्वारा सभी मेधावी छात्र-छात्राओं सहित उनके अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही स्कूल प्रधानाचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी छात्रों एवं अध्यापिकाओं द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सरहाना की।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जय कांत त्यागी ने जीता रजत पदक

## शानदार प्रदर्शन के दम पर राज्य चैंपियनशिप के लिए जय कांत त्यागी ने किया अपना स्थान किया पक्का




**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** वनस्थली पब्लिक स्कूल वसुंधरा गाजियाबाद की कक्षा 10 के छात्र जय कांत त्यागी पुत्र कमल कांत त्यागी ने एलेन हाउस पब्लिक स्कूल वसुंधरा गाजियाबाद में आयोजित जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 78 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर के राज्य चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। जय कांत त्यागी के कोच रिंकू कुमार ने कहा कि उनमें अच्छी क्षमता है और आने वाली चैंपियनशिप में जय कांत त्यागी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने किया गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच और पौष्टिक आहार वितरण शिविर का आयोजन




**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों में अपने सहयोग देते हूए गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। कड़ी में शुक्रवार को प्राथमिक चिकित्सा केंद्र करहैड़ा मे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच और पौष्टिक आहार वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र साहिबाबाद में आयोजीत शिविर के दौरान लगभग 45 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई जिसके बाद आरएचएएम फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पात्र महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया है। आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष धीरज भार्गव ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा हर माह की 9 तारीख को 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच, परामर्श और पौष्टिक आहार वितरण शिविर आयोजन किया जाता है। इस क्रम में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र करहैड़ा मे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच और पौष्टिक आहार वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच साथ साथ रक्तचाप की निगरानी, रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण और अल्ट्रासाउंड जैसे विशेष परीक्षणों व मुफ्त प्रसवपूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही इस दौरान फाउंडेशन के चिकित्सा विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां से भी अवगत कराया। शिविर के दौरान आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष धीरज भार्गव, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र करहैड़ा के फार्मासिस्ट रविन्द्र सिंह, सौनी गौतम, इर्षवती, रोटेरियन राजेश गोयल, रोटेरियन अजय चौधरी, संदीप इंदौरिया, हिंट एफएम से अंजली, संदीप अग्रवाल, मनीषा भार्गव, कोमल भार्गव, प्रतीक भार्गव, विक्रम सहित अन्य मौजूद रहे। आरएचएएम फाउंडेशन के इस अभियान में रोटरी क्लब गाजियाबाद सेफरोन की पहल पर, गाजियाबाद इंडस्ट्रियल टाउन, गाजियाबाद सनराईज, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, इंदिरापुरम परिवार, दिल्ली ईस्ट एंड, दिल्ली मयूर विहार, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद अशोक, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद विस्टा, गाजियाबाद ग्रेस, गाजियाबाद रिदम, मयूर विहार, सोनीपत मिड टाउन, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली लिगेसी द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

# श्री किशन लाल जी को गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** दिलशाद कॉलोनी निवासी श्री किशन लाल जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। गाजियाबाद से आये बीजेपी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंडेरा, नंद नगरी के विधायक बीर सिंह धींगान और नंद नगरी की पार्षद मौनी जिनवाल ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कंडेरे करन समाज कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष योगी जी महासचिव सूरज प्रकाश संरक्षक कंछी लाल संगठन मंत्री राम रतन प्रचार मंत्री, पवन, पम्मी, सुशील। करन समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष गजराज सिंह संरक्षक नानक चंद उपाध्यक्ष मुकेश, सोहन पाल, जगदीश, प्रगतिशील करन समाज सेवा दल के अध्यक्ष हरि ओम उपाध्यक्ष, रामबीर महासचिव, सुरेश सचिव, देशराज और काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। किशन लाल के छोटे भाई और प्रमुख समाज सेवी रवि नागर ने श्रद्धांजलि सभा में आए गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# संघर्ष विराम के मायने

भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। भारतीय सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से कहा है कि हमारा मकसद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। उसमें हमें पूरी कामयाबी मिली। मगर पाकिस्तानी सेना ने उसे अपने ऊपर हमला मान लिया और आतंकवाद के साथ खड़ी हो गई। अब हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं। अब दोनों देशों के सैन्य अभियान प्रमुखों ने भी औपचारिक रूप से संघर्ष विराम पर परस्पर सहमति जता दी है। दरअसल, पिछले दो दिन से संघर्ष विराम को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे, इसे लेकर आम लोगों में भी निराशा नजर आ रही थी।

सेनाध्यक्षों के बयान के बाद अब किसी के मन में संशय नहीं रहना चाहिए कि आखिर क्यों लंबे सैन्य संघर्ष का रास्ता छोड़ना पड़ा। भारतीय सेना शुरू से कहती आ रही है कि वह हर तरह के हमले का जवाब देने को तैयार है। अब उसने रेखांकित किया है कि हमारा सुरक्षा कवच अभेद्य है और हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं, तो इसका अर्थ समझने की जरूरत है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले के बाद भी भारत अपने मकसद को भूला नहीं है। आतंकवाद के सफाए के लिए अब नई रणनीति की जरूरत महसूस की जाने लगी है, इसलिए कि पाकिस्तानी सेना ने उस भारतीय हमले को अपने ऊपर हमला मान कर जवाब देना शुरू कर दिया था। यह अच्छी बात है कि इस मौके पर सारे विपक्षी दलों ने सरकार में भरोसा जताया और उसके हर फैसले में साथ देने का वादा निभाया। मगर युद्ध विराम का फैसला आते ही इस मसले पर राजनीतिक सरगर्मी दिखाई देने लगी है। सरकार ने भी विपक्षी दलों की तरफ से उठ रहे सवालों का जवाब दे दिया है। युद्ध के समय सियासी नफे-नुकसान के समीकरण नहीं साधे जाने चाहिए, यह बात दोनों पक्षों पर लागू होती है। इसी तरह, आम जन को तथ्यों की जानकारी मिलनी ही चाहिए। मगर समझने की जरूरत है कि सेना इसलिए कई सवालों के जवाब फिलहाल भविष्य पर छोड़ रही है कि उसने अभी तक संघर्ष को अंतिम तौर पर समाप्त नहीं किया है। सैन्य अभियान के प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा भी कि इस वक्त यह देखना चाहिए कि हम अपने अभियान में कितने कामयाब हुए हैं। जाहिर है, भारतीय सेना अभी कोई ऐसा वक्तव्य नहीं देना चाहती या कोई ऐसी बात नहीं करना चाहती, जिससे पाकिस्तान गलत तरीके से लाभ उठाए। भारत हमेशा इस बात का हिमायती रहा है कि आज के दौर में मसले जंग के जरिए हल नहीं किए जा सकते। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने के लिए उसने भरसक कोशिश की। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत और इसकी सेना को अच्छी तरह पता है कि लंबे समय तक सैन्य तनाव किसी भी रूप में देश हित में नहीं हो सकता। इसलिए मुख्य समस्या के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत का मकसद फिलहाल पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकवादी संगठनों को नेस्तनाबूद करना है। इस पर दुनिया के शायद ही किसी देश को एतराज हो कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध चाहता है। यही वजह है कि ज्यादातर देशों ने भारत के लक्षित हमलों की सराहना की। इस संघर्ष विराम को किसी राजनीतिक चश्मे से देखने पर सेना की रणनीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| **सम्पादक** | : | **अशोक कौशिक** |
| **समाचार सम्पादक** | : | **राकेश शर्मा** |
| **कानूनी सलाहकार** | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**




# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान

**ललित गर्ग**



ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है। मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है। मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरें भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में आया उछाल है। इनके चलते भारत में नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति भी पुनः रफ्तार पकडेगी। ताजा घटनाक्रम से भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

# अपने शासनकाल में एक भी युद्ध नहीं हारे छत्रपति संभाजी महाराज



**वसंत पावडे**
**लेखक आई.टी.बी.पी.दिल्ली में कार्यरत हैं।**



छत्रपति संभाजी महाराज, मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े सुपुत्र की आज जयंती है। संभाजी राजे का जन्म 14 मई 1657 को पुरंदर किले पर हुआ था, वह पुणे से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर है। सईबाई रानी साहब के पुत्र थे संभाजी, जन्म के 2 साल के बाद रानी सई बाई की मृत्यु हो गई थी। संभाजी को अपनी दादी जिजामाता द्वारा प्रारंभिक शिक्षा, लड़ाई का कौशल एवं संस्कार दिए गए। लेखक ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उस समय मराठों का सबसे प्रबल शत्रु मुगल बादशाह औरंगजेब था, उसके बीजापुर और गोलकुंडा का शासन हिंदुस्तान से समाप्त करने में संभाजी की प्रमुख भूमिका रही। संभाजी राजे अपने पराक्रम एवं शौर्यता के लिए प्रसिद्ध थे उन्हें कसरत एवं मैदान में महारत हासिल था, बताया जाता है कि उनके अंदर कई हाथियों की ताकत थी और उनकी तलवार का वजन 30 किलो से ज्यादा था। उनके पास तीन तलवारें थी जिनमें से एक का नाम तुलजा, दूसरे का नाम भवानी तथा तीसरी तलवार का नाम जगदंबा था। उन्होंने अपने कम से कम समय के शासनकाल में 210 युद्ध किये जिसमें एक प्रमुख बात थी कि वे एक भी युद्ध पराभूत नहीं हुए। जब औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज को आगरा में कैद किया हुआ था। महज 9 वर्ष के उम्र में संभाजी राजे भी उनके साथ थे, जो औरंगजेब के कैद से निकलने में कामयाब हुए थे। उन्होंने अपने उम्र की केवल 14 साल में ही बुधभूषण, नखशिख, नायिकाभेद तथा सातशासक जैसे संस्कृत ग्रंथ लिखे थे। उन्हें छोटी उम्र में ही मराठी के साथ-साथ संस्कृत, उर्दू, पुर्तगाली, कन्नड़, तेलुगू, तमिल, अंग्रेजी तथा भारत की लगभग सभी भाषाओं का ज्ञान था। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक और हिंदू स्वराज के बाद स्थापित अष्टप्रधान मंत्रिमंडल में से कुछ लोगों के राजकरण की वजह से युवराज काफी क्षतिग्रस्त हुए थे। पराक्रमी होने के बावजूद भी उन्हें कई लड़ाइयां से दूर रखा गया था, छत्रपति शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद कुछ लोगों ने संभाजी राजे के अनुज राजाराम को सिंहासन आसीन करने का प्रयत्न किया किंतु सेनापति हंबीर राव मोहिते राजाराम के सगे मामा होते हुए भी उन्होंने यह कारस्थान नाकामयाब कर 16 जनवरी 1681 को संभाजी महाराज का विधिवत राज्याभिषेक किया गया। उन्होंने 1683 में एक युद्ध में पुर्तगालियों को भी पराजित किया था।

संभाजी महाराज के बारे में कुछ लेखकों ने गलत भी लिखा है, जबकि उनका इतिहास शौर्य गाथा से भरा पड़ा है वह माता एवं बहनों का अपार सम्मान करने के साथ आमजन के लिए भी काफी संवेदनशील थे। उनके पराक्रम की वजह से परेशान होकर औरंगजेब ने कसम खाई थी कि जब तक संभाजी को पकड़ नहीं लेता तब तक अपना किमोश/ताज सर पर नहीं चढ़ाएगा। संभाजी राजे की पत्नी के भाई गणोजी शिर्के की धोखेबाजी के कारण औरंगजेब ने उन्हें पकड़ लिया लेकिन तब संभाजी राजे के पास मात्र 200 सैनिक थे और औरंगजेब का मुगल सरदार मुकर्रम खान के पास 5000 की फौज के साथ-साथ हाथी, घोड़े, तोपें भी थी। संभाजी राजे को पकड़कर औरंगजेब के सामने लेकर गए। 11 मार्च 1689 हिंदू नव वर्ष के दिन औरंगजेब ने संभाजी राज्य की बड़ी ही क्रूरता के साथ तड़पा-तड़पा कर हत्या कर दी। औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज से कहा था कि मेरे चार पुत्रों में से एक भी तुम्हारे जैसा होता तो मैं सारे हिंदुस्तान पर राज कर लेता। औरंगजेब ने संभाजी राजे तथा उनके मित्र कवि कलश को धर्म परिवर्तन के लिए कहा लेकिन उन्होंने साफ इनकार करते हुए तड़प-तड़प कर अपने प्राणों की आहुति दे दी तथा देश और धर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। छत्रपति संभाजी महाराज जैसा पराक्रमी, धैर्यवान, अनेकों भाषाओं पर प्रभुत्व रखने वाला, संस्कृत पंडित, धर्म अभिमानी, आदर्श महावीर, राजनीति, अर्थनीति एवं धर्म नीति का ज्ञान रखने वाला राजा पूरे विश्व में नहीं था। धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

देश धर्म पर मिटने वाला, शेर शिवा का छावा था।

महा पराक्रमी परम प्रतापी, एक ही शंभू राजा था।।

# संजीव कौशिक पूर्व अध्यक्ष बैनामा लेखक ने कराया मां भगवती का जागरण













**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** कौशिक परिवार ने अपने निवास स्थान नीति नगर संजय नगर सेक्टर 23 गाजियाबाद पर मां भगवती का जागरण। इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुरादनगर के यशस्वी विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, सुभाष शर्मा महानगर अध्यक्ष अ.भा. ब्रा.महासभा, राजीव शर्मा, सुमित त्यागी एडवोकेट, सुभाष शर्मा, एम.पी. शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, अजय कौशिक, रविदत्त कौशिक, विनोद कुमार शर्मा एडवोकेट, कमल त्यागी एडवोकेट, दीपक त्यागी एडवोकेट, महेश शर्मा, विशाल भारद्वाज, नरेश शर्मा, लोकेश शर्मा, प्रवीन शर्मा, राजकुमार शर्मा, ममता कौशिक, पारीख कौशिक, मीनू कौशिक, सुनील कौशिक, शिखा कौशिक, उषा कौशिक, चारू कौशिक, अभिषेक कौशिक, नीरज कौशिक, सुनील कौशिक, दिनेश गोयल आरआरडबलू अध्यक्ष राजनगर, दीपक कांत गुप्ता पूर्व अध्यक्ष आर आर डबलू राजनगर, शैलेंद्र त्यागी एडवोकेट, संजीव शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पंकज भारद्वाज किसान मोर्चा, महानगर अध्यक्ष कविता चौहान, हीरु चौहान, सुशील शर्मा, केपी शर्मा, पंकज शर्मा, नूपुर शर्मा आदि उपस्थित रहे।




**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-एफ-205, मधुबन बापूधाम के आवंटी श्री ब्रिजेश कुमार पुत्र श्री दया शंकर द्वारा उक्त भूखण्ड के बावत दिनांक 11.03.2010 को श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता को मु०आम नियुक्त किया गया। मु०आम द्वारा भूखण्ड की फ्री-होल्ड डीड दिनांक 31.07.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित कराने के उपरान्त उक्त भूखण्ड का विक्रय दिनांक 24.11.2015 को श्रीमती कुमुदलता पत्नी श्री बी०के० मयंक के पक्ष में कर दिया गया। अब वर्तमान क्रेता श्रीमती कुमुदलता द्वारा शपथ पत्र, पहचान पत्र, मु०आम व विक्रय पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के अभिलेखो में अपना नाम एकल रूप से दर्ज कराने हेतु अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी / विक्रेता के नाम के स्थान पर श्रीमती कुमुदलता पत्नी श्री बी०के० मयंक का नाम एकल रूप से दर्ज कर लिया जायेगा। तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**Name Change**

I SHAMA W/o Ahamad Vahid, R/o 216 Tarinan Khurja Bulandshahr UP have Changed my name from Shama to Shama Parveen for all future purposes.

**Name Change**

I AHAMAD Vahid S/O Gaffar Ahmad R/o 216 Tarinan Khurja Bulandshahr UP have Changed my name from Ahamad Vahid to Abdul Wahid for all future purposes.

**Name Change**

I Paritosh Kr. Shah S/o P.N. Shah R/o Bramha Para, Simurali Road, PO : Simurali, DIST: Nadia, West Bengal-741248 have changed my name from Paritosh Kr. Shah S/o P.N. Shah to Paritosh Kumar Saha S/o Preyanath Saha for all future purposes.

### नारद जयंती, संवाद, सद्भाव और संस्कार का उत्सव, नारद जयंती, नई पत्रकारिता, नवचेतना और नवसंवाद का अवसर

# देवर्षि नारद, संवाद और संदेश के मूर्तिमान स्वरूपः स्वामी चिदानन्द सरस्वती

हिन्द आत्मा संवाददाता





**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन में बड़े ही श्रद्धाभाव से नारद जयंती धूमधाम से मनायी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि ऋषियों की पावन परंपरा में देवर्षि नारद जी का अद्वितीय स्थान हैं। वे केवल एक महान तपस्वी और ज्ञानी ही नहीं, बल्कि संवाद, संगीत और सद्भाव के ऐसे दिव्य प्रतीक हैं, जिनका जीवन आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। नारद जी लोक-कल्याण के लिए तीनों लोकों में विचरण करते थे। उनके पास ब्रह्मा जी द्वारा प्रदत्त वीणा थी, और वे 'नारायण नारायण' का संकीर्तन करते हुए देवताओं, ऋषियों, असुरों और साधारण जनों के बीच संवाद का सेतु बनते थे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि संवाद केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि एक संवेदना का माध्यम है, जहाँ हम प्रेम, भक्ति और ज्ञान को बाँट सकते हैं। वे संसार के पहले संवाददाता, पहले संप्रेषक और पहले 'सत्य के प्रचारक' थे। आज जब दुनिया भर में कई बार गलत सूचना, टकराव और संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है, तब नारद जी हमें यह सिखाते हैं कि संवाद कैसा हो सच पर आधारित, प्रेम से प्रेरित और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो। नारद जी संवाद के माध्यम से केवल घटनाओं की जानकारी नहीं देते थे, वे उस संवाद के माध्यम से नायक के भीतर आत्मबोध, ज्ञान और जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करते थे। चाहे ध्रुव हो, वाल्मीकि जी हो, या प्रह्लाद, नारद जी ने उन्हें उनकी आत्मशक्ति का बोध कराया और धर्म के मार्ग पर प्रेरित किया। वे विवाद नहीं, विवेक और समाधान के वाहक थे। उनका संवाद सदैव सत्य, धर्म और दैवीय उद्देश्य के लिए होता था। वे किसी को भड़काते नहीं थे, बल्कि परिस्थिति का आईना दिखाते थे ताकि लोग आत्ममंथन कर सकें।

मीडिया, सोशल मीडिया और पत्रकारिता के लिये नादर जी ने एक आदर्श प्रस्तुत किया और संदेश दिया कि संवादकर्ता को निष्पक्ष, संवेदनशील और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि जहाँ संवाद है, वहाँ समाधान है। जहाँ शुद्ध विचारों का आदान-प्रदान है, वहीं शांति, सहअस्तित्व और समरसता है। आज का समय 'सुनने' से अधिक 'शोर' का हो गया है। हमें फिर से नारद मुनि से प्रेरणा लेकर मौन में, मनन में और प्रेमपूर्वक संवाद में लौटना होगा। आज नारद जयंती सत्य आधारित संवाद, संवेदनशील पत्रकारिता और सकारात्मक सोच का पर्व भी है। समाज में संवाद के माध्यम से सौहार्द, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने का यह शुभ अवसर है। भारतीय संस्कृति में तो नारद जी जैसे संवादवाहक को 'देवर्षि' कहा गया, देवताओं में भी सबसे ऊँचा स्थान। जो बताता है कि संवाद एक दैविक प्रक्रिया है, और संवादकर्ता को समाज की चेतना का वाहक बनना होगा। देवर्षि नारद आज भी जीवंत हैं, हर उस व्यक्ति में जो भक्ति से जुड़ा है, सत्य से समर्पित है और सेवा के पथ पर अग्रसर है। नारद जयंती पर हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि हम संवाद का उपयोग समाज को जोड़ने, जागरूक करने और जनकल्याण के लिए करेंगे। नारद जी को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

---

### जीवन आशा अस्पताल के स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रमों की घोषणा

# 20 मई से कैंसर रोगियों के उपचार की होगी शुरूआत

- प्रेस वार्ता में जैन आचार्य सौरभ सागर जी महाराज की पावन उपस्थिति रही
- 15 से 20 मई तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हिन्द आत्मा संवाददाता



**मुरादनगर।** मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र स्थित जीवन आशा अस्पताल के छठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जैन संत आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज की पावन उपस्थिति और आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए संस्थान के कोषाध्यक्ष एवं मैनेजिंग ट्रस्टी संजय जैन ने बताया कि सौरभ सागर सेवा संस्थान द्वारा संचालित जीवन आशा अस्पताल ने पिछले छह वर्षों में जनसेवा के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 20 मई 2025 को अस्पताल का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उसी दिन से अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए उपचार सेवाओं की शुरूआत भी की जा रही है, जो संस्थान की ओर से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया और सराहनीय कदम होगा। इस विशेष अवसर को और व्यापक जनहित में रूपांतरित करते हुए, 15 मई से 20 मई तक अस्पताल परिसर में निःशुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रहेगी, जो जरूरतमंद रोगियों की जाँच, परामर्श व प्राथमिक उपचार करेंगे।

#### संस्थान का उद्देश्य-सेवा ही धर्म

सौरभ सागर सेवा संस्थान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में संस्था जनसेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को लेकर लगातार कार्यरत है। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों संजय जैन अजय जैन, अशोक गोयल जैन, कमल जैन, संजीव गोयल जैन राहुल जैन सीए, श्रीमती नीति, रेखा जैन, नूतन गोयल, निधि शर्मा, संदीप सिंह, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

#### विकलांगजनों की सेवा में समर्पित अस्पताल

जीवन आशा अस्पताल की पहचान एक चैरिटेबल हॉस्पिटल के रूप में है, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के इलाज और कृत्रिम अंगों के निर्माण व निःशुल्क वितरण के लिए समर्पित है। अस्पताल परिसर में ही आधुनिक तकनीक से इन-हाउस कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट स्थापित की गई है, जहाँ दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार पैर, हाथ एवं अन्य अंगों की सुविधा दी जाती है। पिछले 6 वर्षों में अभी तक लगभग 5000 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं जिसमें बहुत से दिव्यांग होने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया।

#### न्यूनतम शुल्क पर ओपीडी सेवाएं और आगामी विस्तार योजनाएं

अस्पताल में विभिन्न रोगों जैसे हड्डी रोग, नेत्र, दंत, श्वसन, बाल एवं स्त्री रोग, हृदय रोग आदि की ओपीडी सेवाएं रियायती शुल्क पर नियमित रूप से उपलब्ध हैं। संस्थान ने इस वर्ष से 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा (Emergency Services) शुरू करने की योजना भी घोषित की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में रोगियों को तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके।

---

## सीबीएसई बोर्ड 12वीं में खुशी श्रीवास्तव ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में पाया दूसरा स्थान

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** प्रताप विहार स्थित लीलावती पब्लिक स्कूल 12वीं विज्ञान वर्ग की छात्रा खुशी श्रीवास्तव ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान वर्ग में खुशी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान वर्ग में रिहाशु ने अपने विद्यालय में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं खुशी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि यश कुमार ने 88.2 प्रतिशत अंको से तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग से हंसिका बिष्ट 92% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीपाली राजपूत 85.8% दूसरे स्थान पर और गुनगुन सिंह 85.6% अंको से तीसरे स्थान पर रहे। कला वर्ग में लक्ष्य चंदोलिया 82% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक इंदु बाला बग्गा, अमित बग्गा, प्राची बग्गा तथा प्रधानाचार्या सपना गुप्ता व शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खुशी श्रीवास्तव के पिता अनुज कुमार श्रीवास्तव व समाजसेवी मां निभा श्रीवास्तव ने खुशी की इस सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत, प्रबंधकों व शिक्षकों को दिया है।

---

# सीबीएसई बोर्ड 10वीं व 12वीं में गाजियाबाद पब्लिक स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

#### 10वीं के मेधावी छात्र


राधिका 94.6%


आदित्य 94.2%


तनुज 93.8%


देवेश 93.6%

#### 12वीं के मेधावी छात्र


तन्वी ह्यूमनिटास 98.25%


नंदिनी विज्ञान 96.5 %


अभिषेक कॉमरस 95.75%

**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गाजियाबाद पब्लिक स्कूल नेहरू नगर द्वारा सीबीएसई बोर्ड 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन रहा। इस वर्ष दसवीं में राधिका ने 94.6 प्रतिशत, आदित्य ने 94.2 प्रतिशत, तनुज ने 93.8 प्रतिशत एवं देवेश ने 93.6% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी में राधिका 92, देवेश 94, अश्विनी 90, आदित्य 92, हिंदी में हिंदी में अनुराग 95, अक्षरा 96, देवेश 96, गार्गी 96, परी 96, तनुज 97, राधिका 94, वंशिका 94, आदित्य 94, विज्ञान में शिवम गुप्ता 96, आदित्य 94, देवेश 94, रिद्धिमा 94, गणित में तनुज 90, सामाजिक विज्ञान में राधिका 98, आदित्य 95, सूचना प्रौद्योगिकी में शिवम गुप्ता 95, रिद्धिमा 95, जेसिका 100, वंशिका तलान 95, आदित्य 97, मयंक सिंह 99 एवं तनुज 99 लाकर अव्वल रहे। इसी प्रकार गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्राओं द्वारा सीबीएसई बोर्ड 12वीं में भी शानदार प्रदर्शन किया गया। 12वीं में नंदिनी ने विज्ञान से 96.5 प्रतिशत, कॉमर्स से अभिषेक 95.75 प्रतिशत एवं मानवीकी से तन्वी ने 98.25% अंक प्राप्त कर विद्यालय में अपना परचम लहराया। विषय बार अंग्रेजी में दृष्टि गुप्ता 100, प्रिया भट्ट 99, शगुन 99, मानसी चौधरी 98, नंदिनी शर्मा 98, तन्वी 98, आकाश रावल 97, हिंदी में तन्वी 91, इतिहास में तन्वी 96, राजनीति विज्ञान में तन्वी 99, अर्थशास्त्र में अभिषेक यादव 98, रसायन विज्ञान में हर्षित 99, नंदिनी शर्मा 97, जीव विज्ञान में दृष्टि का 98, शारीरिक शिक्षा में अभिषेक यादव 98, चित्रकारी में दिव्यांशु 100, यश जैन 100, अस्मिता जैन 100 एवं तन्वी ने 100 प्राप्त किए, जबकि वाणिज्य में सुहैल सैफी 91 कंप्यूटर विज्ञान में नंदिनी शर्मा 95 व्यवसाय अध्ययन में दीप्ति शर्मा 94 अंक प्राप्त कर सफल रहे। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के डायरेक्टर सागर यादव एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर भावना यादव ने सभी सफल छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## एटीएम में नकदी डालने पहुंचे कर्मचारियों पर 4.17 लाख रुपये के गबन का आरोप

**इंदिरापुरम (हिन्द आत्मा)।** नोएडा स्थित हिताची कैश मेनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लि. शाखा के दो कर्मचारी यश जैन और मन्नू पर कंपनी के 4.17 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगा है। यह आरोप कंपनी की शाखा पर तैनात प्रबंधक विधिक एवं सुरक्षा महक गुप्ता ने लगाते हुए दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दोनों दो अप्रैल को एटीएम में कैश भरने गए थे। तभी उन्होंने 4.17 लाख रुपये अपने पास रख लिए और रजिस्टर में गलत जानकारी दर्ज की। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में महक गुप्ता ने बताया कि उनकी कंपनी बैंकों के एटीएम में कैश भरने का काम करती है। कंपनी में पूर्वी दिल्ली के मौजपुर के मोहनपुरी स्थित युधिष्ठर गली निवासी यश जैन और लोनी के संगम विहार कॉलोनी निवासी मन्नू कैश ले जाकर भरने का काम करते हैं। बताया कि दो अप्रैल को दोनों 12 एटीएम में नकदी भरने के लिए 10 लाख रुपये लेकर कंपनी से निकले थे।

---

# केडीबी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सीबीएसई बोर्ड दसवीं व 12वीं में शानदार प्रदर्शन

### दसवीं में 99 प्रतिशत लेकर रिद्धिमा वार्ष्णेय व 12वीं में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आन्या गर्ग बनीं स्कूल टॉपर

#### 12वीं के मेधावी छात्र













#### 10वीं के मेधावी छात्र













**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** कवि नगर स्थित केडीबी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सीबीएसई बोर्ड 12वीं में शानदार प्रदर्शन किया गया है। 12वीं में आन्या गर्ग ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। इसके अतिरिक्त आदित्य चौधरी 96.6, व्योम जैन 96.4, रुद्रांश शर्मा 95.4, प्रज्ञा 95.4 व तन्वी त्यागी 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में सफल रहे।

इसी प्रकार सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में रिद्धिमा वार्ष्णेय ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। वहीं मानस पंत ने 97.40, रणविजय राजपूत ने 97.40, अरिजीत शर्मा ने 97.40, गुनिका सिंगला ने 97.20, एकवीरा अग्रवाल 96.40, प्रतीक शर्मा 96, तेजस बंसल 95.60 एवं स्वामी यादव 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा एवं उप प्रधानाचार्य नम्रता दुबे ने सभी सफल छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# अंकित कुमार के आतिशी शतक से गोल्डन हाकस सेमीफाइनल में

हिन्द आत्मा संवाददाता




**गाजियाबाद।** मंगलवार को बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूनामेंट मे गोल्डन हाकस ने मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन को 113 रन से हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया।

टास जीत कर मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया परन्तु धनंजय सिंह 48 रन व अंकित कुमार 106 रन की आकर्षक पारी ने 282 रनो का अंबार 40 ओवर मे लगा दिया जिसे प्राप्त करने के लिए मेरठ के सत्यम संगू 72 रन व प्रियम गर्ग 40 रन के अतिरिक्त कोई बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने मे आवश्यक योगदान नही दे सका, फलस्वरूप पूर्ण टीम मात्र 174 रनो पर 29 ओवर मे सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा द्वारा अंकित कुमार को दिया गया। संचालन पूर्व रणजी खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने किया। प्रमुख स्कोर-गोल्डन हाकसः- 287 रन 9 विकेट पर धनंजय सिंह 48 रन (6 चौके) अंकित कुमार 106 रन (14 चौके, 3 छक्के) अजय कुमार ने 4 व प्रशांत चौधरी ने 2 विकेट लिए। मेरठ क्रिकेट एसोसिएशनः- 174 सभी आउट 29 ओवर में। प्रियम गर्ग 40 रन ( 8 चौके, 1 छक्का )सत्यम संगू 72 रन ( 8 चौके, 7 छक्के ) ऋषभ शर्मा ने 3, जसकरण सिंह व धनंजय ने 2-2 विकेट लिए। कल प्रातःकाल नोएडा वंडरस व ग्रीनफील्ड क्रिकेट एकेडमी के मध्य लीग मैच खेला जाएगा।

---

## एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के 12वीं के नतीजों में काव्या शर्मा ने किया कमाल




**साहिबाबाद (हिन्द आत्मा)।** सीबीएसई कक्षा 10 व 12 का रिजल्ट आते ही शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 स्थित एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों में खुशी की लहर छा गई। कक्षा 12वीं के नतीजों में काव्या शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। काव्या की तरह ही जिन बच्चों ने अच्छे अंक हासिल किए हैं उन्हें भी सभी की शुभकामनाएं मिल रही हैं। एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट के नतीजों में 12 वीं कक्षा की छात्रा काव्या शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक पाकर पहली रेंक हासिल की है। काव्या ने योगा में 100, एआई में 99, हिस्ट्री में 99 और पॉलिटिकल साइंस में 98 अंक प्राप्त किए। काव्या हर्ष विहार दिल्ली में रहती है। काव्या की माँ रितु शर्मा ने बताया कि काव्या पढ़ाई में शुरू से ही तेज रही है। उसके पिता स्व० गुलशन शर्मा पेशे से पत्रकार थे। काव्या को माता-पिता से बेहतर शिक्षा की प्रेरणा मिली और अब 12वीं के 99 प्रतिशत मार्क्स पाकर काव्या ने अपनी लगन को साबित कर दिखाया है। बता दें कि काव्या शर्मा ने इंटमीडिएट एग्जाम रिजल्ट में स्कूल में पहला स्थान पाया है तो वहीं शुभम विधान ने 98.5 अंक लाकर दूसरा और आन्या चौधरी ने 98 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान पाया है। इनके अलावा फिजा चौधरी, पलक कौशिक, उज्ज्वल शर्मा, रिशांत लहरी, आलिमा सलीम, सिया चौधरी आदि ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओ को स्कूल प्रबन्धक एवं अन्य टीचर्स ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है।


# सीबीएसई बोर्ड की दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में नेहरू वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

## 12वीं के मेधावी छात्र



## 10वीं के मेधावी छात्र





**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल का रिजल्ट अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप सीबीएसई बोर्ड की दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहद शानदार रहा। नेहरू वर्ल्ड स्कूल 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। कला वर्ग में अंशवी एवं रिद्धिमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में हार्दिक मित्तल ने 98.2 प्रतिशत, जबकि विज्ञान वर्ग में दिव्यांशी श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया। कुल 148 विद्यार्थियों में से 78 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कुल 148 विद्यार्थियों में से 78 विद्यार्थियों ने 90 व उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 139 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। स्कूल का औसत परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में भी नेहरू वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल में जानवी सिंह ने सर्वाधिक 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार सियोना सिंह ने 97 तथा अभिनव राणा एवं तमोनाश नायक ने संयुक्त रूप से 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 119 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 119 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थियों 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 96 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। सभी सफल छात्रा-छात्राओं को स्कूल के डायरेक्टर अरुणाभ सिंह एवं एग्जीक्यूटिव हेड सुसैन होम्स ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएससी बोर्ड की परीक्षाओं में लहराया परचम

### 12वीं में गौरीशा 99 प्रतिशत और 10वीं में गौरी गर्ग 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बने स्कूल टॉपर

## 12वीं के मेधावी छात्र




## 10वीं के मेधावी छात्र




**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने वर्ष 2024-25 की बोर्डपरीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 12वीं के विद्यार्थियों ने सभी संकायों विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। गौरीशा ने सर्वाधिक 99% अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वृत्ति भारद्वाज तथा अक्षिता वमार्ने 98% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आदिगुप्ता ने 97.75% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरीशा ने 99% अंक लाकर कला वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मयंक कुमार ने 96.5% अंक लाकर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता ने भौतिकी रसायन-गणित शाखा में 97.75% अंक लाकर एवं सौम्य भारद्वाज ने भौतिकी रसायन-जीवविज्ञान शाखा 97.25% अंक लाकर (विज्ञान संकाय) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता, रिधिमा बलियान, कौस्तुभि वर्मा एवं आर्यन नागर ने अंग्रेजी में, गौरीशा ने राजनीतिशास्त्र में, वृत्ति भारद्वाज, आन्या अग्रवाल एवं अर्पिता बंसल ने मनोविज्ञान में, ऋषभ यादव ने लेखा में, कनिष्का जयंत ने पेंटिंग में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

10वीं में गौरी गर्ग ने 97.2% अंक लाकर प्रथम स्थान, यशु ने 97% अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं रिवोली शर्मा व अग्रिम केसरवानी ने 96.8% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अग्रिम केसरवानी विज्ञान में, गौरी गर्ग, यशु, श्रेष्ठा अग्रवाल, रिया कौर बत्रा और आर्यन कुमार ने सूचना प्रौद्योगिकी में, गुनीत भामरा ने जर्मन में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने कहा कि सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में सदैव उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है और यह उपलब्धि हमें निरंतर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करते रहने की प्रेरणा देती है। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने सभी विद्यार्थियों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए अभिभावकों को और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इसे विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों का प्रोत्साहन और सहयोग और शिक्षकों का अथक प्रयास बताया। प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास को इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

# चिल्ड्रंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

## 12वीं के मेधावी छात्र



## 10वीं के मेधावी छात्र



**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चिल्ड्रंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा में गत वर्षों की भांति बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में प्रांशु सिंह ने 95.80 प्रतिशत, पार्थ शर्मा ने 95.60 प्रतिशत, मानव भारद्वाज ने 95.60 प्रतिशत, सानिया गुप्ता ने 93.60 प्रतिशत, प्रणव कुमार आर्य ने 93.20 प्रतिशत, अंजली सोनी ने 92.20 प्रतिशत एवं सिद्ध दीक्षित ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इसी प्रकार सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा में स्नेहा रावल ने 98.6 प्रतिशत, निर्दोष शाक्य ने 97.8 प्रतिशत, तनवी शर्मा ने 97.4%, अंश सारस्वत में 97.2%, अवनी कुरील 97%, दीपेश कुमार सेंगर ने 96.4%, आस्था गौर ने 96.4%, सारांश ने 96.02%, ओजस्या सक्सेना ने 96.2 प्रतिशत, इशांत द्विवेदी ने 95.8 प्रतिशत, मध्यम नाथ ने 95.8%, आलोक गुणवंत 95.8 प्रतिशत, अनुष्का शर्मा ने 95.4%, ध्रुव मथपाल ने 95.2 प्रतिशत, कृतिका कश्यप ने 95.02 प्रतिशत हर्ष कुमार ने 95.02%, कृष्ण प्रताप सिंह ने 95%, आशीष सिंह पंवार ने 95% एवं कर्णिका श्रीवास्तव ने 95% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर प्रबंधक पीएस राणा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर हर्ष राणा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या कमलेश राणा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी सफलता की बधाई देते हुए आशा व्यक्ति की है कि वे भविष्य में भी अपना ऐसा शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे।